पत्रसं0— 885/एक—10—2021—33(221)/2011टीसी—3

**प्रेषक,**

रेणुका कुमार,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

**सेवा में,**

अपर मुख्य सचिव,
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अनुभाग—6,
उ0प्र0 शासन।

राजस्व अनुभाग—10 लखनऊः दिनांक 27 अप्रैल, 2021

**विषयः** कोविड—19 महामारी के उपचार के लिये समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में ऑक्सीजन जनरेटर प्लानट स्थापित किये जाने हेतु स्टेट डिजास्टर रिस्पान्स फण्ड (एसडीआरएफ) से धनराशि प्रदान किये जाने के संबंध में।

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक विशेष सचिव, चिकित्सा अनुभाग—6, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या—1195/पांच—6—2020, दिनांक 23—04—2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके साथ महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें का पत्र दिनांक 23.04.2021 संलग्न कर कोविड—19 महामारी के उपचार के लिये समस्त 855 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 100 एल0पी0एम0 क्षमता के ऑक्सीजन जनरेटर प्लान्ट स्थापित किये जाने हेतु कुल रू0 4,88,04,54,570/—(चार अरब अठासी करोड़ चार लाख चौवन हजार पांच सौ सत्तर रूपये मात्र) की धनराशि स्टेट डिजास्टर रिस्पान्स फण्ड (एसडीआरएफ) के माध्यम से चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा अनुरोध किया गया है।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त प्रस्ताव के साथ समस्त 855 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में ऑक्सीजन जनरेटर प्लान्ट स्थापित किये जाने के संबंध में कोई कार्ययोजना /time lines/Vendors चयनित किये गये अथवा नही, की सूचना उपलब्ध नही कराई गई है। कृपया उक्त सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि उक्त कार्ययोजना को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित आपदा प्रबन्धन की राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक आहूत कर अनुमादित कराते हुए अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

भवदीया,

27/4/21

(रेणुका कुमार)
अपर मुख्य सचिव